फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

श्रीनारायण बनाम संतोष व अन्य

केस संख्या 46/2022 (मुन्तकिल प्रार्थन पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
05.05.2022	पत्रावली पेश हुई। उभय पक्ष अधिवक्ता उपस्थित है। उभयपक्ष अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने तहसीलदार बस्सी के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 01/2018 ब उनवानी संतोष बनाम श्रीनारायण व अन्य में पीठासीन अधिकारी श्री प्रेमराज मीणा से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। अब प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि उक्त पत्रावली माननीय राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा तलब कर ली गई है। विपक्षी अधिवक्ता इस कथन से सहमत है। तहसीलदार बस्सी के समक्ष विचाराधीन उक्त पत्रावली माननीय राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा तलब कर लिये जाने से प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। 5/5/22 (राजन विशाल) जिला कलक्टर जयपुर	